# रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर लगी रोक

## बोर्ड परीक्षाओं व त्योहारों के मद्देनजर थानाध्यक्ष ने डीजे संचालकों को भेजे नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददात**

**मवाना।** बोर्ड की परीक्षाओं के मद्देनजर डीजे की तेज आवाज से परीक्षार्थियों की परेशानी का सबब बन सकती है। इसे लेकर इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव ने क्षेत्र के डीजे संचालकों की बैठक ली। सभी संचालकों को सात बिंदुवार निर्देशों का पालन करने की हिदायत के साथ नोटिस रिसीव कराया गया। हाईकोर्ट के आदेशानुसार नियमों का पालन नहीं करने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी।

इंस्पेक्टर मवाना ने डीजे संचालकों को बताया कि आगामी महाशिवरात्रि व होली पर्व के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रम में शांति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत हाईकोर्ट व शासनादेशों का पालन किया जाएगा। वहीं, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं भी चल रही हैं। जिसके चलते विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी में डीजे की तेज आवाज से बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि संचालक अपने डीजे की ऊंचाई 12 फिट व चौड़ाई 10 फिट से अधिक नहीं रखेंगे। इसके अलावा डीजे पर सांप्रदायिक व जातिवादी गानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के साथ उनके कारण सार्वजनिक मार्ग-आवागमन अवरुद्ध नहीं होने चाहिए। डीजे की आवाज 40-50 डेसीबल से अधिक न हो और रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजेगा। डीजे पर कोई भी व्यक्ति असलाह का प्रदर्शन नहीं करेगा और लड़कियों व महिलाओं का अश्लील नृत्य नहीं कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



डीजे संचालकों को निर्देश देते थानाध्यक्ष मवाना।

## बहसूमा थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों को दिए टिप्स

- डीजे में अश्लील गाने बजे तो मुकदमा दर्ज कर संचालक को भेजा जाएगा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाना प्रांगण में डीजे संचालक को एवं मंडपों के संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने न्यायालय का आदेश मानते हुए कहा कि रात्रि 10 बजे तक डीजे बजेगा। यदि इसके बाद गांव में हो रही शादियों या मंडपों में डीजे बजता हुआ दिखाई दिया तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीधे जेल भेजा जाएगा, और डीजे को जप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शादियों में शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं उसको भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने न्यायालय का हवाला देते हुए कहा कि 10 बजे तक परमिशन के बाद ही डीजे बजेगा। यदि डीजे संचालकों ने डीजे में गाने बजते हुए वाइब्रेशन लगाई तो उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अपनी संस्कृति परंपराओं से शादी करें और कोई भी ऐसा कार्य न करें जो किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे।



## एक नजर

### दौराला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला मण्डल में बूथ क्रमांक 200 पर, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्व प्रसिद्ध मासिक कार्यक्रम, मन की बात कार्यक्रम को बूथ अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी के आवास पर सुना व मण्डल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के साथ सुना। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज राठी, जिला उपाध्यक्ष विनोद चौधरी, जिला उपाध्यक्ष आशीष प्रताप, जिला मंत्री नितिन शर्मा, आशीष अहलावत, सभासद राकेश गुप्ता, लोकेश चौहान, उदय अहलावत, भरत चौधरी, संगम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### गुर्जर समाज ने मेधावी छात्रों और प्रतिभावान लोगों को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गुर्जर सभा, मेरठ द्वारा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुर्जर समाज के सभी मेधावी छात्रों तथा अन्य क्षेत्र में कार्यरत प्रतिभावान विशिष्ट व्यक्तियों को गुर्जर प्रतिभा सम्मान प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर गुर्जर सभा और राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि समाज को शिक्षित, संगठित और जागरूक बनाएं। सर्व समाज के साथ भाईचारा बना कर रखें, सभी सामाजिक संगठनों को मिलकर प्रतिवर्ष अच्छे कार्यक्रम आयोजित करके समाज की कुरीतियों को दूर करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य सुनील भड़ाना ने किया। इस कार्यक्रम में गुर्जर समाज के कई बड़े बिजनेसमैन और बिल्डर्स प्रतिष्ठित, समाज हितेषी व्यक्तियों ने और भी आवश्यकता समझते हुए नए भवन निर्माण की घोषणा करते हुये उन्होंने कार्यक्रम के समापन पर अपनी ओर से गुर्जर सभा मेरठ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर को 11 नए कमरे बनवाने के लिए चेक देकर शुरुआत कर दी। समारोह मे मुख्य अतिथि, राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर, समाजसेवी नेपाल कसाना, भंवर सिंह, भोपाल सिंह चपराना, संजीव प्रधान, कमरपाल फौजी, कैप्टन सुभाष नागर, गुलबीर पार्षद सहित मेरठ गुर्जर समाज के काफी समाजसेवी व्यक्ति ग्राम प्रधान और हजारों की तादाद में जिम्मेदार लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## तमंचा कारतूस के साथ तीन दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों से फायरिंग करना तमंचे पिस्टल लहराना आजकल नया क्रेज बन गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की आजकल के युवा किस तरफ जा रहे हैं। ऐसा ही मामला जानी थाना क्षेत्र के गॉडविन कॉलोनी में हुआ। जिसमें थाना जानी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हथियारों की तस्करी कर रहे तीन लोग मौके पर ही दबोच लिये जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक पिस्टल तमंचे और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने बताया कि थाना ब्रह्मपुरी माधवपुरम क्षेत्र से शादाब निवासी से कारतूस हथियार पिस्टल तमंचा लेते थे और युवाओं को अच्छे दामों में बेच देते थे। आरोपियों की पहचान आमिर पुत्र शमशाद अली निवासी राजपुर थाना सिंघावली जनपद बागपत अबरार पुत्र इरफान निवासी टपराना थाना झिंझाना शामली, मेहताब पुत्र इफ्तिखार निवासी सिवाल खास के रूप में हुई। पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जिसके बाद उन्हे जेल भेज दिया गया।

## महिला कांवड़िया बनीं श्रद्धा का केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** इस वर्ष कांवड़ यात्रा का प्रवाह बढ़ता जा रहा है। एनएच-58 हाईवे पर कांवड़ियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। इस बार महिला कांवड़ियों की भागीदारी विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बन रही है। गुलावठी, बुलंदशहर और नोएडा से आए कांवड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। महाशिवरात्रि पर इस गंगाजल को शिवलिंग पर चढ़ाया जाएगा। इस वर्ष की यात्रा में एक विशेष बात यह है कि बुजुर्ग श्रद्धालुओं की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। कांवड़ यात्रा श्रावण मास का एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें श्रद्धालु पैदल चलकर गंगाजल लेकर अपने स्थानीय शिव मंदिरों तक जाते हैं। यह परंपरा भक्ति और आस्था का प्रतीक मानी जाती है।



## राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने बहसूमा क्षेत्र में किया सड़क का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा नगर से लेकर शाहपुर-बटालवी नहर पुल तक पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क का चौड़ीकरण एवं उस पर लेपन का कार्य कराए जाने का शुभारंभ राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने नारियल तोड़कर किया। इस अवसर पर आरएसएम पब्लिक स्कूल में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखें। सभा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में 1400 करोड़ रुपये के कार्य कर दिये गये हैं। कोई गांव ऐसा बचा होगा जिस गांव में काम हुआ न हो।

उन्होंने कहा कि उन्होंने हस्तिनापुर में 3 डिग्री कॉलेज, नो लंबी सड़कों का चौड़ीकरण एवं 39 सड़कों का लेपन का कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हस्तिनापुर विधानसभा में चारों ओर चहुमुखी विकास किए जा रहे हैं। शाहपुर बटावली से लेकर बहसूमा तक प्रधान गुरबचन सिंह एवं पूर्व प्रधान मलिक सिंह गुर्जर के आह्वान पर 6 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से 5 किलोमीटर की सड़क पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में शाही स्नान कराकर जनता को धन धान्य कर दिया। इस सरकार से अन्य पार्टियों के नेता घबराकर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं। लेकिन जनता सब समझ रही है आने वाले 2027 में भाजपा प्रचंड बहुमत से आएगी। वहीं मवाना के प्रमुख योगेश कुमार, हस्तिनापुर प्रमुख नितिन पोसवाल, प्रधान गुरबचन सिंह, प्रधान मलिक सिंह आदि ने अपने विचार रखें। सभा की अध्यक्षता करतार सिंह ने तथा संचालन अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जसवीर राणा, प्रधान सुरेंद्रपाल सिंह, प्रधान केपी देशवाल, मंडल अध्यक्ष राजीव चौधरी, श्रीराम, पूर्व प्रधान धर्मेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान सुंदर सिंह, पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह, दारा सिंह, रविंद्र प्रधान नगला खेप्पड, गिरिराज प्रधान, लक्की देशवाल, विजय ढाका, अनिल कुमार सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौजूद रहे।



## वैंक्टेश्वरा में मैत्री क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-3 का आयोजन

- खेलकूद छात्रों को मजबूत आत्मविश्वासी और कुशल बनाता है: सुधीर गिरि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में मैत्री क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें सस्था की पांच टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में शिक्षा विभाग बीएड, बी.फार्मा, शिक्षा विभाग बीसीए, पोलिटेक्निक, बीटैक के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

वेंक्टेश्वरा संस्थान के मेजर ध्यानचंद खेलकूद मैदान में आयोजित मैत्री क्रिकेट टूनामेंट का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिंह आदि ने रिबन काट कर एवं खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मैत्री क्रिकेट टूनामेंट के उद्घाटन अवसर पर अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों को मजबूत, आत्मविश्वासी और कुशल बनाता है उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास एवं चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि आजकल हमारे देश के खिलाड़ियों ने अपने जुनून को हासिल करने के लिए खुद को खेल की ओर समर्पित कर दिया। उनके ध्यान कड़ी मेहनत समर्पण और द्रढता ने उन्हे आज प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में स्थापित किया। टूर्नामेंट का पहले मैच में पोलिटेक्निक की टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए 107 रन बनाये। दूसरी बी.फार्मा की टीम ने यह मैच चार विकिट से जीत लिया। दूसरा मैच बी.टैक. एवं बीसीए के छात्रों के बीच खेला गया जिसमें बी.टैक. की टीम विजयी हुई। टूर्नामेट का फाइनल मैच बी.टैक. एवं पोलिटेक्निक के बीच हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए पोलिटेक्निक की टीम ने 108 रनों का लक्ष्य दिया। इस मैच को बीटेक की टीम ने 23 रन से हार गयी।

टूर्नामेट में प्लेयर ऑफ दा सीरीज के खिताब से खिलाड़ी राघव कुमार को नवाजा गया एवं बेस्ट बॉलर अतुल कुमार । विजयी टीम के खिलाड़ियों को संस्था के अधिकारियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के आयोजन में प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी, प्राचार्य डॉ. नितिन राज वर्मा, डीन डॉ. अभिषेक स्वामी, दीपक कुमार, बृजपाल सिंह, मैच कमेंट्री गौरव वशिष्ठ, रोहित, रवि एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा रहे।

## जमीन के विवाद में पुलिस ने शांति भंग में की आरोपियों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** क्षेत्र के गांव लुकधड़ी में जमीन जोतने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में कार्यवाही की है। थाना प्रभारी राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के लुकधड़ी गांव के जंगल में जमीन का एक मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने जमीन जोतने का प्रयास करने लगे तभी दूसरे पक्ष की शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों से तीन लोगों बूटा सिंह, सुखदेव सिंह व इकबाल सिंह को शांति भंग की धाराओं में एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

## आईएमए वार्षिक वैज्ञानिक सम्मेलन में कार्डियक एरिदमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कार्डियक एरिदमिया वह स्थिति है जब हृदय बहुत तेज, बहुत धीमी या अनियमित धड़कने लगता है। यह समस्या हल्के लक्षणों से लेकर अचानक हृदयगति रुकने सडन कार्डियक अरेस्ट तक हो सकती है, जिससे यह चिकित्सा क्षेत्र में एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। डॉ. अमित मलिक हृदय रोग विभाग के अनुसार, कार्डियक एरिदमिया के सही समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन से जानलेवा स्थितियों को रोका जा सकता है। युवाओं में बढ़ते अचानक हृदयगति रुकने के मामले हाल के वर्षों में व्यायाम के दौरान या खेल आयोजनों के दौरान युवाओं में अचानक मृत्यु की घटनाएं बढ़ रही हैं।



## शोभित विवि के एमबीए छात्रों ने एवरेस्ट बेवरेजेज एंड फूड इंडस्ट्रीज में औद्योगिक अध्ययन का दौरा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के नाइस स्कूल ऑफ बिजनेस स्ट्डीज के छात्रों ने एवरेस्ट बेवरेजेज एंड फूड इंडस्ट्रीज, मेरठ का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को खाद्य एवं पेय उद्योग की व्यावसायिक कार्य प्रणाली से रूबरू कराना और उन्हें वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्रदान करना था। दौरे के दौरान, छात्रों ने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को समझा। उन्होंने अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम का अवलोकन किया और यह सीखा कि कच्चे माल को उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य एवं पेय उत्पादों में कैसे परिवर्तित किया जाता है।

शोभित विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक्स, प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहते हुए, छात्रों को औद्योगिक माहौल का अनुभव कराना है। इस प्रकार के दौरों से उन्हें व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिलता है। औद्योगिक दौरे के समन्वयक डॉ. सलब मेहरोत्रा ने इस अवसर पर कहा, ऐसे औद्योगिक दौरे छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया की गहरी समझ देते हैं और उनके भविष्य के प्रबंधकीय व उद्यमशील कौशल को विकसित करने में मदद करते हैं।

इस अवसर पर मोहित जैन सीनियर एग्जीक्यूटिव और राजीव प्रोडक्शन मैनेजर द्वारा छात्रों को बाजार की प्रवृत्तियों, परिचालन दक्षता और ब्रांडिंग रणनीतियों पर महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इससे छात्रों को अपनी अकादमिक शिक्षा के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझने में मदद मिली। यह औद्योगिक दौरा डॉ. सलब मेहरोत्रा और डॉ. प्रियंका शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। ऐसे अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने करियर को एक नई दिशा देने में सहायता करते हैं।



## रजनीश विश्वकर्मा बने ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के मवाना तहसील अध्यक्ष

- पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: संजीव तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** मवाना तहसील रोड पर आरो प्लांट के प्रांगण में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें संगठन पर विचार विमर्श किया गया। संगठन के मेरठ जिलाध्यक्ष संजीव तोमर ने रजनीश कुमार विश्वकर्मा को मवाना का तहसील अध्यक्ष एवं संचित अरोड़ा को तहसील महामंत्री के पद पर नियुक्त किया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्रकारों को नसिहयत देते हुए कहा कि पत्रकार अपना मान सम्मान बचाए रखें, ऐसा न करें कि पत्रकार के साथ कोई घटना घटे।

जिलाध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि संगठन एक ऐसी चीज है जिसमें रहते पत्रकार का उत्पीड़न करने से पहले एक बार सोचेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपने मान सम्मान को बचाकर रखें और संगठन के उत्थान, विकास एवं राष्ट्र, सामाजिकों की रक्षा के लिए कार्य करें। प्रदेश महामंत्री मुनेंद्र त्यागी ने कहा कि संगठन ने पत्रकारों के साथ हुई घटना में तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। पत्रकार एकता का परिचय मवाना तहसील के पदाधिकारी देंगे। मोबीन सलमानी ने कहा कि पत्रकार जब तक संगठित रहेगा तो किसी की इतनी ताकत नहीं है कि उसको छेड़ सके। मवाना संगठन का विस्तार करते हुए तहसील अध्यक्ष रजनीश विश्वकर्मा ने इसरार अंसारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अशोक चौहान को उपाध्यक्ष, कुलदीप भारद्वाज को उपाध्यक्ष, रजनीश कर्णवाल को उपाध्यक्ष, सौरभ तोमर को उपाध्यक्ष, विवेक त्यागी को उपाध्यक्ष, संचित अरोड़ा को महामंत्री, राहुल खटीक को मंत्री, शाकीर फरीदी को मंत्री, सोनू भड़ाना को मंत्री, प्रिंस रस्तोगी को सहमीडिया प्रभारी, अमित विश्वकर्मा को संगठन मंत्री, असलम एडवोकेट विधि सलाहकार एवं प्रखर शर्मा सतीश वर्मा को आमंत्रित सदस्य के पद पर नियुक्त किया है। इसके अलावा संरक्षक पद पर अशोक चौहान, संजीव पांडे, कृष्ण अवतार कन्हैया को नियुक्त किया है। इस दौरान पंकज शर्मा, अशोक सोंम, सौरभ तोमर सतीश वर्मा, इसरार अंसारी, सोनू वर्मा, प्रमोद कुमार तेवतिया, अमीरुद्दीन, मोबीन सलमानी, अशोक कुमार, वंश गौतम, प्रखर शर्मा आदि लोग शामिल रहे।



## मौलाना के बेटे ने तीन तलाक देकर पत्नी बच्चों को घर से निकला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना ब्रह्मपुरी में एक महिला अपने तीन बच्चों को लेकर रविवार को थाना अध्यक्ष के पास एक प्रार्थना पत्र लेकर पहुंची। जिसमें उसने अपने पति से तीन तलाक और ससुरालयों पर मानसिक उत्पीड़न कर घर से निकलने का आरोप लगाया है। जिस पर तीन तलाक का आरोप है वह एक मौलाना का पुत्र है। पीड़ित राबिया ने बताया कि उसकी शादी 20 जनवरी 2006 में एक ऐसे परिवार में हुई थी जो लोग जमित उलमा ए हिंद से जुड़े हुए हैं। उसका पति मारूफ, मौलाना आरिफ का पुत्र है जो की ग्राम खानपुर में रहते हैं। राबिया ने बताया कि 22 जनवरी 2025 में उसके पति मारूफ ने उसे तीन तलाक दे दिया। और तीन बच्चों सहित घर से निकाल दिया। राबिया ने आरोप लगाते हुए बताया है कि उसकी बेटी के साथ भी उसके ससुराल वालों ने कई बार दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने आश्वासन दिया है।

## डिजाइन थिंकिंग, क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन पर आइडिएशन वर्कशॉप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी, मेरठ के शोभित यूनिवर्सिटी आइडिया लैब द्वारा आयोजित डिजाइन थिंकिंग, क्रिटिकल थिंकिंग और इनोवेशन डिजाइन पर एक सप्ताहीय आइडिएशन वर्कशॉप का सफल समापन हुआ।

इस समापन समारोह में छात्रों की नवाचार क्षमता और तकनीकी दक्षता को नए आयाम देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। समारोह की शुरुआत वर्कशॉप के समन्वयक डॉ. लोमस कुमार तोमर के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने छात्रों की उत्साही भागीदारी और नवाचार के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। इसके बाद डॉ. जयंत महतो ने वर्कशॉप के दौरान सिखाई गई प्रमुख तकनीकों और कौशलों का संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी.के. त्यागी ने प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनसे उनके सीखने के अनुभव और वर्कशॉप से मिली प्रमुख सीख के बारे में चर्चा की। उन्होंने छात्रों से प्रशिक्षण सत्रों पर फीडबैक भी लिया, जिसमें छात्रों ने बताया कि उन्होंने 3डी मॉडल डिजाइनिंग, 3डी प्रिंटिंग, लेजर कटिंग और एनग्रेविंग टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट इंटीग्रेशन में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया है, जो कि फंक्शनल प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए आवश्यक हैं। सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि वर्कशॉप के दौरान छात्रों ने नवाचार की दिशा में तीन प्रमुख प्रोजेक्ट्स को विकसित करने की प्रतिबद्धता जताई। ह्यूमनॉइड रोबोट, ड्रोन, रोबोटिक आर्म, इन तीनों प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने के लिए तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है, जिससे छात्रों को वास्तविक औद्योगिक परियोजनाओं के अनुरूप अनुसंधान और विकास का व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। समारोह के अंत में प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। शोभित विश्वविद्यालय सतत् रूप से छात्रों को नवाचार और तकनीकी उत्कृष्टता की ओर प्रेरित कर रहा है, और इस तरह की वर्कशॉप्स छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग-अनुकूल कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



# टेम्पो के पहिये के नीचे आने से दो वर्षीय बच्ची की मौत

## टेम्पो के समीप खेलते समय अचानक हुआ हादसा, घटना से परिजनों में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल गांव में टेम्पो से सब्जी बेक रहे एक युवक के टेम्पो का पहिया वहां खेल रही एक दो वर्षीय बच्ची के उपर से उतर गया जिससे बच्ची की मौकें पर मौत हो गयी। मौकें पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भर सहमति से परिजनों को सौप दिया।

चमरावल गांव के मौहल्ला नबिया कॉलोनी में सुराना का एक युवक छोटे टेम्पो से सब्जी बेच रहा था। टेम्पो एक जगहा खड़ा हुआ था जहा टेम्पो के समीप गांव के ही फिरोज की दो वर्षीय पुत्री मायरा भी खेल रही थी। जब युवक टेम्पो लेकर चला तो टेम्पो का पहिया बच्ची के उपर से गुजर गया और बच्ची की मौकें पर मौत हो गयी। मौहल्ले के लोगो ने देखा तो शोर मचाया। मौकें पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। वही रोते बिलखते परिजन भी मौकें पर पहुंच गये। टेम्पो चालक ने सुराना से अपने परिजनों को भी बुला लिया जिसमे दोनो पक्ष की सहमति से कोई कार्यवाही न करने की बात कही गयी। सूचना पाकर चांदीनगर पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी जहां पीड़ित पक्ष ने कार्यवाही करने से मना कर दिया। जिससे पुलिस ने पंचनामा भर शव परिजनों को सौप दिया। बच्ची की मौत के बाद परिजनों का रो रो बुरा हाल है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।



## कर्ज से परेशान राशन डीलर के बेटे ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बसौद गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। राशन डीलर शकुंतला देवी के बेटे आशीष ने कर्ज से परेशान होकर घर में फांसी लगा ली। आशीष अपनी मां की राशन की दुकान संभालता था। उसकी पत्नी निशा के अनुसार, आशीष ने कुछ समय पहले कई लोगों से कर्ज लिया था। जब कर्ज चुकाने का दबाव बना, तो उसने दूसरी जगहों से कर्ज लेकर भुगतान किया। लेकिन फिर से कर्ज चुकाने का दबाव बनने पर वह तनाव में आ गया। आशीष ने अपने कमरे को अंदर से बंद कर लिया। उसने पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। सिंघावली अहीर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## ओलावृष्टि से फसल बर्बाद सरकार से की मुआवजा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के तिलवाड़ा शबगा कुड़ी नांगल हेवा, टांडा लुम, तुगाना आदि गांव में ओलावृष्टि से गेहूं की फसल सरसों की फसल बर्बाद होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने प्रदेश सरकार से ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर किसानों को उचित मुआवजा सरकार द्वारा नहीं दिया गया तो किसान बर्बाद हो जाएगा।

छपरौली विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में किसानों का ओलावृष्टि से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा प्रदेश सरकार से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कहा की किसान पहले से ही बकाया गन्ना भुगतान में होने के कारण परेशान है अब कुदरत की मार किसानों पर पड़ी है। प्रदेश सरकार ओलावृष्टि से नुकसान का उचित मुआवजा किसानों को देकर उनके दुख सुख को साझा करने का काम करें तभी जाकर किसानों का भला हो सकता है। इस संबंध में जब जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा जनपद में ओलावृष्टि से गिरी फसल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। टीम गठित कर दी गई है। किसानों को मुआवजा दिलाने का काम किया जाएगा।



## रक्तदान शिविर में 90 महादानियों ने किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के सर्व हितकरी इंटर कॉलेज बिनौली में जीवन पुकार चैरिटेबिल ब्लड सेंटर सरधना मेरठ के सौजन्य से रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें पुलिसकर्मियों सहित 90 महादानियों ने रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ पूर्व ग्राम प्रधान वेदपाल धामा, इंस्पेक्टर बिनौली शिवदत्त ने संयुक्तरुप से फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान ही एकमात्र ऐसा दान हैं जो किसी व्यक्ति की टूटती जिंदगी के लिए संजीवनी का काम करके उसे नया जीवन देने का काम करता हैं। शिविर मे डा. अरुण ठाकुर, डा. अरुण धामा, डा. आशीष शर्मा, टेक्नीशियन आशी, मयंक, अतुल, कुलदीप, राहुल की देखरेख में महादानियों ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदान करने वालों को प्रमाणपत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। शिविर में नितिन, अमित धामा, प्रशांत, नीरज, सोनू आदि का सहयोग रहा।



## चोरी किए गए 30 क्विंटल गन्ने व एक ट्रैक्टर-ट्राली के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने गन्ना चोरी के मामले का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का 30 क्विंटल गन्ना और एक ट्रैक्टर-ट्राली बरामद की है।

घटना 22 फरवरी की है। दोझा गांव स्थित गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना चोरी हुआ था। इस मामले में तोल लिपिक महेश शर्मा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान दोझा गांव के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान साहिल पुत्र गुल मोहम्मद, राहिल पुत्र नसीम और मोहसिन पुत्र मोमिन के रूप में हुई है। आरोपियों ने रात के समय गन्ना क्रय केंद्र से चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। बिनौली थाना प्रभारी शिवदत्त ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से चोरी का माल और वारदात में इस्तेमाल किया गया वाहन बरामद कर लिया गया है।





## पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने चैकिंग अभियान के दौरान एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक कैंटर को रोककर तलाशी ली। इस दौरान कैंटर से 6 प्रतिबंधित पशु बरामद हुए, जिनमें से 3 पशुओं की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में शामली निवासी फैजान पुत्र सलीम को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक कैंटर, एक वैगनर कार और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। जांच में पता चला कि आरोपी इन प्रतिबंधित पशुओं को शामली से गाजियाबाद ले जा रहा था। बड़ौत कोतवाली प्रभारी मनोज चहल के अनुसार, आरोपी के खिलाफ गौवध अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।







## विजिलेंस टीम पर महिलाओं से दुर्व्यवहार का आरोप, धरने पर बैठे ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र में विजिलेंस टीम की कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों ने कोताना रोड स्थित बिजलीघर पर धरना दिया।

थांबा चौधरी यशपाल सिंह के अनुसार, विजिलेंस टीम ने मीटर जांच के दौरान महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की। महिलाओं ने टीम पर मारपीट का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। धरने की सूचना मिलते ही अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार यादव, सहायक अभियंता सीताराम और अवर अभियंता नरेंद्र प्रताप मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिशासी अभियंता बृजेश कुमार यादव ने स्पष्ट किया कि बिना कारण किसी भी उपभोक्ता को परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने और बिजली चोरी न करने की अपील की। धरने में गौरव तोमर, विक्रम आर्य, ब्रजपाल चौधरी, विनोद, सचिन सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।



## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर हुआ फुट ब्रिज का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे (709बी) पर कलेक्ट्रेट के सामने एनएचएआई द्वारा लोहे के फुट ब्रिज का निर्माण कार्य किया गया। इस दौरान हाइवे पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहा, जिससे भारी वाहनों के चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

यातायात पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्ट करने के लिए भारी वाहनों को गौरीपुर चौराहे से बहालगढ़, हरियाणा होते हुए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे के रास्ते भेजा गया, जबकि हल्के वाहनों के लिए एआरटीओ कट से पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर यूपीएसआईडीसी मार्ग से रूट डायवर्ट किया गया। इस निर्माण कार्य के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर नरेंद्र सिंह व स्थलीय अभियंता अंकुर आनंद समेत एनएचएआई के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पूरे कार्य की निगरानी की। स्थलीय अभियंता अंकुर आनंदने बताया कि डीएम जेपी सिंह ने ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर फुट ब्रिज के निर्माण को एनएचएआई को पत्र लिखा था। जिसके सापेक्ष में कलेक्ट्रेट व बावली केंद्रीय विद्यालय के सामने फुट ब्रिज का टेंडर जारी किया गया। रविवार को कलेक्ट्रेट के सामने हाइवे पर फुट ब्रिज का निर्माण कार्य किया गया। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।



## गन्ने से भरा ट्रक पलटने से ई-रिक्शा चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर दाहा में एक बड़ा हादसा हुआ। गन्ने से भरा ट्रक पलटने से एक ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल ई-रिक्शा चालक की पहचान भड़ल निवासी अंकुर पुता प्रकाश के रूप में हुई है। हादसे के समय ट्रक चालक गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना लेकर खतौली चीनी मिल की ओर जा रहा था। दाहा में अचानक ट्रक का संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गन्ने के ढेर के नीचे दबे अंकुर को बाहर निकाला। उसे तुरंत दाहा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल अंकुर ने दोघट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## किसानों की महापंचायत को कई गांवों ने दिया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मंड़ोला में किसानों की महापंचायत में शामिल होने के लिए लहचौड़ा, रटौल सहित अन्य गावों के किसान मंडोला के लिए रवाना हो चुके है, जहां वह महापंचायत में शामिल होगे।

मंडोला में पिछले आठ वर्षो से किसान यूपी सरकार द्वारा अधिग्रहण की गयी जमीन के मुआवजे के लिए धरना दिये बैठे है लेकिन सरकार उनकी मांग नही मान रही है जिससे लेकर रविवार को किसानों की एक महापंचायत का आयोजन किया गया है। जिसमे भारतीय किसान यूनियन नेता रिकेश टिकैत भी पहुंचं। महापंचायत को समर्थन देने के लिए लहचौड़ा, रटौल सहित अन्य गावों के किसान मड़ोला के लिए रवाना हुए। किसानो का कहना है की वह किसानो की हक की लड़ाई में उनके साथ रहेगे। इस मौकें पर भाकियू नेता शिवदत्त शर्मा, बाबूराम यादव, धर्मपाल, विनित, पप्पू, योगेश आदि लोग मौजूद रहे।



## स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने शिव मंदिर में की साफ सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की चतुर्थ इकाई का सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन का प्रारंभ शिविर स्थल की सफ़ाई के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डा. इंदु ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं के द्वारा शांति नगर मोहल्ले में जाकर स्थित सेनी शिव मंदिर परिसर की साफ सफाई का कार्य किया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने मोहल्ले में जाकर मंदिर परिसर के सौंदर्य करण करने के लिए पुराने बाल्टी और डब्बे पौधारोपण के लिए एकत्रित किए।

दूसरे सत्र में केनरा बैंक शेरपुर लुहारा में कार्यरत अरविंद कुमार ने स्वयंसेविकाओं को वित्तीय साक्षरता के अंतर्गत प्रधानमंत्री जनधन योजना के बारे में बताया। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री जनधन योजना भारत सरकार की एक वित्तीय समावेशन योजना है। इस योजना का उद्देश्य देश के गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना और वित्तीय सेवाओं का लाभ देना है। इस योजना के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति शून्य बैलेंस पर जनधन खाता खोल सकता है। इसके साथ ही रुपए कार्ड धारकों को 2 लाख तक का दुर्घटना बीमा का लाभ मिलता है। तत्पश्चात जनता वैदिक कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यरत शैलेश कुमार ने स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ रहने के लिए पोषण युक्त भोजन का सेवन करने, नियमित व्यायाम करने और रोजाना 7 से 8 घंटे गहरी नींद लेने की सलाह दी है। बौद्धिक सत्र के बाद स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर खेल में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।



## बिनोली रोड ओवरब्रिज पर मार्च के शुरू में होगा वाहनों के लिए आवागमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के बिनोली मार्ग ओवर ब्रिज निर्माण कार्य 80 फ़ीसदी लगभग पूरा हो चुका है। 20फीसदी निर्माण मार्च तक पूर्ण हो जाएगा। इसके लिए निर्माण विभाग के अधिकारी तेज गति के साथ मजदूरों से निर्माण कार्य करा रहे हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जनता की परेशानियों को देखते हुए ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लोगों को सुविधा दिलाने के लिए अधिकारी भी दिन-रात निर्माण कार्य करने में जुटे हुए हैं। उम्मीद लगाई जा रही है कि वाहनों का आवागमन मार्च तक शुरू हो जाएगा। इस इस ओवर ब्रिज से वाजिदपुर, अंगदपुर, जोहड़ी, बिजवाडा माखर जिमाना रंछाड सिरसागढ़ बिनोली लगभग एक दर्जन गांवों के लोगों को निर्माण कार्य पूर्ण होने से राहत की सांस मिल जाएगी। इस ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग 2 वर्ष से चल रहा है इसके नीचे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है नीचे वाले ओवर ब्रिज पर आने जाने वाले लोगों का आवागमन जारी है बड़े और भारी वाहन ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा होने पर ऊपर की तरफ से दौड़ने लगेंगे। नीचे वाले ओवर ब्रिज से छोटे वाहन गुजर रहे हैं।



